बुनकरों को सोलर पैनल वितरित करेगी सरकार

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

उत्तर प्रदेश सरकार हथकरघा बुनकरों को सोलर पैनल उपलब्ध करवाएगी ताकि उनकी बिजली के बिल के भुगतान की समस्या खत्म हो। इसके अलावा इन हथकरघा बुनकरों को कच्चा माल उपलब्ध करवाने, ट्रेनिंग आदि की व्यवस्था के लिए क्लस्टर भी बनाया जाएगा। साथ ही एमेजान व फ्लिपकार्ट जैसी कम्पनियों से करार कर व्यवस्था की जाएगी कि यह हथकरघा बुनकरों के घर से ही तैयार माल उठाएं।

14 बुनकर राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर सम्मानित किए गए

यह बातें शनिवार को प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने लखनऊ में आवास विकास परिषद के सभागार में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आयोजित हथकरघा बुनकर सम्मान समारोह में कहीं। इस अवसर पर कुल 14 हथकरघा बुनकरों को सम्मानित भी किया गया।